हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 जून, 2025

9 घुसकानी स्कूल में खेल-खेल में बताई ज्ञानवर्धक



10 योग हमारे पूर्वजों की देनः प्रीतम



GK
SINCE 1938
Prop. Gagan Kokcha
9053222234
GAGAN KOKCHA® DESIGNER
आप सभी को नेशनल टेलर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Raymond Solino Arvind J.HAMPSTEAD GRADO ROGER LA VIALE
Branch-1: Shop No. 8-9, Near Kirori Mal Mandir, Baba Meena Ram Market Bhiwani
Branch-2 : Spiti Mall (Sun City) Near Huda Park, Bhiwani

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ हैरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने मादक पदार्थ हैरोइन के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा तोशाम मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि हिसार की तरफ से एक व्यक्ति तोशाम आएगा जिसके पास मादक पदार्थ हेरोइन है। पुलिस रेडकर उसे मादक पदार्थ हैरोइन बरामद की गई है। आरोपी की पहचान रोशन निवासी वार्ड नंबर तोशाम के रूप में हुई है।

### हमला करने के मामले में दो को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने वैश्य कॉलेज भिवानी में युवक के साथ मारपीट करके के मामले में दो आरोपियों को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों की पहचान सुमित पुत्र मुकेश निवासी बैंक कॉलोनी भिवानी व केशव पुत्र ललित कुमार निवासी न्यू भारत नगर भिवानी के रूप में हुई है।

### बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने चांदी की चैन झपटी

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी में राहगीर को लिफ्ट देकर उससे चांदी की चेन व मोबाइल फोन छीनने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार रोहित निवासी महम ने थाना सदर पुलिस भिवानी को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अभिषेक निवासी गांव बामला हाल निवासी सेक्टर- 13 भिवानी के रूप में हुई है।

### सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए करें पंजीकरण

**चरखी दादरी।** उपायुक्त एवं सिविल डिफेंस के जिला कंट्रोलर मुनीश शर्मा ने आपदा प्रबंधन में नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिलावासियों से सिविल डिफेंस वालंटियर बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में सिविल डिफेंस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला के युवाओं, पूर्व सैनिकों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले नागरिकों को सिविल डिफेंस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### बेहतरीन हो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम बेहतरीन होना चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग अभी से तैयारी शुरू कर दें और सभी तैयारियां समय से पहले पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि सरकार के निर्देशानुसार 21 जून को जिला व खंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# निर्जला एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष स्थान, यह साल की सबसे कठिन और पुण्यदायी एकादशी, छह को मनेगी

## 2 दिन रखा जाएगा निर्जला एकादशी का व्रत, 32 घंटे का होगा उपवासः पं. रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

साल भर में आने वाली एकादशी में निर्जला एकादशी बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह जानकारी देते हुए तोशाम के संकटमोचन मेंहदीपुर बालाजी स्थल के महंत पंडित रामकिशन महाराज गोवर्धन मथुरा वाले ने बताया कि इस बार की निर्जला एकादशी बहुत खास मानी जा रही है। निर्जला एकादशी हिंदू धर्म में विशेष स्थान रखती है, इसे साल की सबसे कठिन और पुण्यदायी एकादशी भी माना जाता है। उनका कहना था कि ऐसा माना जाता है कि इस एकादशी को करने से व्यक्ति को वर्ष भर की 24 एकादशियों का पुण्य फल प्राप्त होता है। अबकी बार निर्जला एकादशी का व्रत दो दिन मनाया जाएगा। पहले दिन स्मार्त निर्जला एकादशी का व्रत होगा और दूसरे दिन वैष्णव निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

**खास बातें**

- इस एकादशी को करने से वर्ष भर की 24 एकादशियों का पुण्य फल प्राप्त होता है

### निर्जला एकादशी की तिथि और समय...



पंडित रामकिशन।

पंडित रामकिशन ने बताया कि दृक पंचांग के अनुसार, निर्जला एकादशी की तिथि 6 जून को सुबह 2 बजकर 15 मिनट से शुरू होकर 7 जून को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। हरि वासर का समापन 7 जून को सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर होगा। स्मार्त निर्जला एकादशी व्रत 6 जून शुक्रवार को होगा तो वैष्णव निर्जला एकादशी व्रत 7 जून शनिवार को होगा। इस दिन व्रत करने वाले गृहस्थों के लिए यह व्रत 32 घंटे 21 मिनट तक रहेगा। व्रत सूर्योदय से शुरू होगा और पारण के समय तक चल सकता है। पंडित रामकिशन का कहना था कि निर्जला एकादशी का व्रत कठिन माना जाता है क्योंकि इसमें जल और भोजन का पूरी तरह त्याग किया जाता है। इस दिन व्रती को भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए और व्रत का पालन संयम और नियम से करना चाहिए।

### स्मार्त और वैष्णव निर्जला एकादशी व्रत में अंतर...

पंडित रामकिशन के अनुसार जब एकादशी व्रत दो दिन होता है, तब पहले दिन स्मार्त व्रत और दूसरे दिन वैष्णव व्रत करने की मान्यता है। स्मार्त व्रत को सामान्य गृहस्थ और अनुयायी करते हैं। वैष्णव व्रत को वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी पालन करते हैं। उन्होंने बताया कि गृहस्थी भी वैष्णव व्रत रख सकते हैं, लेकिन उन्हें वैष्णव संप्रदाय के नियमों का पालन करना होगा। उनका कहना है कि निर्जला एकादशी व्रत के पारण का समय हरि वासर के समापन के बाद माना जाता है। स्मार्त व्रत पारण 7 जून को दोपहर 1 बजकर 44 मिनट से 4 बजकर 31 मिनट तक होगा। वैष्णव व्रत पारण 8 जून सुबह 5 बजकर 23 मिनट से 7 बजकर 17 मिनट तक होगा।

# दुष्कर्मी को 20 साल की कैद और जुर्माना

- 2024 में थाना जूई कला पुलिस ने दर्ज किया था मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नाबालिग लड़की को घर में ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को भिवानी की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। थाना जूई कला पुलिस ने वर्ष 2024 में अभियोग पंजीबद्ध किया था। मामले के अनुसार वर्ष 2024 में थाना जूई कला पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें नाबालिक लड़की ने आरोपी के द्वारा नाबालिग को रात के समय घर के अंदर ले जाकर व दुष्कर्म करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी कर्मवीर निवासी देवसर, भिवानी को 20 साल कैद की सजा सुनाई व कुल 35,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# खिलाड़ी नमन तंवर का एसपी भिवानी ने किया स्वागत

- बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभावान बेटे ने बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। बॉक्सर नमन तंवर से हाथ मिलाकर स्वागत करते एसपी।

थाईलैंड में 24 मई से 1 जून तक चली ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाज नमन तंवर का पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह ने स्वागत किया और हौंसला बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह ने कहा कि भिवानी के खिलाड़ी मुक्केबाजी में पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसलिए जिले को मिनी क्यूबा के नाम से भी जाना जाता है। हमें मुक्केबाज नमन तंवर पर गर्व है कि उन्होंने पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है। मुक्केबाज नमन तंवर ने अपनी सफलता का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण को देते हुए कहा कि यह सब उनके उचित मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद का परिणाम है। अकादमी महासचिव प्रीतम दलाल, अध्यक्ष डा. एलबी गुप्ता ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कल शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करेंगी एमडीएम कर्मी : राजबाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्षरत्त मिड-डे-मील कर्मियों के सब्र का बांध अब टूट गया है तथा उन्होंने सरकार को चेताने के लिए संघर्ष का ऐलान किया है। जिसके तहत 5 जून को पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा के निवास पर प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है।

यह जानकारी देते हुए मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन की राज्य प्रधान राजबाला ने बताया कि 5 जून को होने वाले प्रदर्शन से पहले एमडीएम कर्मी पानीपत के ताऊ देवीलाल पार्क में एकत्रित होंगी तथा वहां शिक्षा मंत्री आवास की तरफ कूच करेंगी। राज्य प्रधान राजबाला ने कहा कि सरकार मिड-डे-मील कर्मियों की जायज मांगों को पूरा करने की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है।

### ड्रेस के 2000 रुपये दें

उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में उन्हे कितनी कठिनाइयों व तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है, यह सिर्फ वे ही जानती हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि वर्ष की दो ड्रेस के उन्हे केवल 800 रुपये ही दिए जाते है, जो बहुत कम है इन्हें बढ़ाकर कम से कम 2 हजार रुपये होने चाहिए, 65 वर्ष सेवा पूरी होने पर रिटायरमेंट के समय पांच लाख रुपए की एकमुश्त राशि प्रत्येक कुक को दी जाए, ड्यूटी से बाहर के मनमाने कार्य करवाना गलत है तथा उन्हे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए।

## सामाजिक संगठनों ने किया प्रदर्शन, आनन फानन में भेजा तोशाम

# अस्पताल की मशीन खराब, नहीं हुआ 30 महिलाओं का ऑपरेशन

फैमिली प्लानिंग के तहत होने वाले महिलाओं के ऑपरेशन भी नहीं हो पा रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कहने को तो स्वास्थ्य विभाग जरूरतमंद लोगों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है,लेकिन हकीकत कोसों परे है। हालात ये बने है कि यहां पर फैमिली प्लानिंग के तहत होने वाले महिलाओं के ऑपरेशन भी नहीं हो पा रहे है। ऐसा ही वाक्या मंगलवार को देखने को मिला। मंगलवार को आशा वर्कर अपने अपने इलाकों से फैमिली प्लानिंग के तहत 30 महिलाओं को ऑपरेशन के लिए लेकर आई थी,लेकिन उनको अस्पताल में आपरेशन के प्रयोग में आने वाली मशीन खराब होने का बहाना बना कर टाल दिया।

उसके बाद अनेक सामाजिक संगठन के सदस्य पहुंच गए और उन्होंने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया तो स्वास्थ्य विभाग प्रशासन ने अस्पताल में ऑपरेशन करवाने आई सभी महिलाओं को चिकित्सकों की टीम के साथ तोशाम अस्पताल भेजा। इस दौरान अस्पताल में करीब एक घंटे तक सामाजिक संगठन के सदस्य कभी सीएमओ तो कभी दूसरे अधिकारी के पास चक्कर लगाते रहे। ऑपरेशन के लिए महिलाओं को तोशाम भेजने के बाद ही सामाजिक संगठन के सदस्य शांत हुए। वहीं आशा वर्करों का तर्क था कि अगर मशीन खराब थी तो उनको सोमवार को ही बताना चाहिए था,लेकिन उनको इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को आशा वर्कर अपने अपने इलाकों से करीब 30 महिलाओं को परिवार नियोजन योजना के तहत ऑपरेशन के लिए सामान्य अस्पताल भिवानी लेकर आई थी। पर यहां पर उनका ऑपरेशन नहीं हो पाया और उनको आनन-फानन में तोशाम सरकारी अस्पताल में भेजा गया।





भिवानी। ऑपरेशन न करने के बाद विरोध जताती महिलाएं व बाद ऑपरेशन के लिए एम्बूलेंस में बैठाकर तोशाम भेजते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मशीन खराब का कोई मैसेज नहीं: हुकुम कौर

आशा वर्कर यूनियन प्रधान हुकुम कौर ने बताया कि जिन महिलाओं का परिवार नियोजन के तहत ऑपरेशन करवाया जाना था। वे उन महिलाओं को सोमवार को भी लेकर आई थी। सोमवार को संबंधित चिकित्सकों ने कहा था कि वे मंगलवार सुबह आठ बजे सुबह सभी महिलाओं को लेकर आ जाना। वे तय समय पर अस्पताल में पहुंच गई। सबसे पहले तो उनको सभी महिलाओं की ओपीडी की पर्ची कटवाने में काफी परेशानी हुई। उसके बाद उनकी पर्ची कटी और ऑपरेशन थियेटर में पहुंची तो उनको यह कहते हुए मना कर दिया कि आज आपरेशन के प्रयोग में लाई जाने वाली मशीन खराब है। इस लिए आज आपरेशन नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि अगर कोई तकनीकी अडचन थी तो पहले मैसेज करना चाहिए था,लेकिन उस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से गर्भवती महिलाओं व ऑपरेशन करवाने वाली महिलाओं के लिए अलग से काऊंटर स्थापित किया जाए। ताकि समय पर पर्ची आदि बनवाई जा सके।

### प्रदर्शन किया तो अस्पताल प्रशासन आया हरकत में

दूसरे दिन भी महिलाओं के ऑपरेशन न करने से आशा वर्कर नाराज हो गई। उन्होंने इस बारे में अस्पताल प्रशासन को अवगत करवाया,लेकिन कोई हल नहीं निकला। उसके बाद उन्होंने सामाजिक संगठनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही जनसंघर्ष समिति नेता व सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व अन्य महिला संगठन अस्पताल परिसर पहुंच गई। वे आशा वर्करों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर मैडिकल कॉलेज की डारेक्टर गीता जठवाल के पास पहुंचे और सारे मामले की जानकारी दी। उसके बाद उन्होंने सीएमओ रघुबीर शांडिल्य से फोन पर बात की। बात होने के बाद उन सभी महिलाओं को ऑपरेशन के लिए तोशाम के अस्पताल में भेजे जाने पर सहमति बनी। उन महिलाओं को आप्रेशन के लिए तीन एंबूलेंस के माध्यम से तोशाम सीएचसी में भेजा गया तथा डा. सुनीता के नेतृत्व में एक चिकित्सकों की टीम को भेजा गया। यह व्यवस्था प्रशासन के कहने पर नर्सिंग आफिसर सुनीता कपूर व कालेज के डा. राजेश कुमार ने की। साथ ही अस्पताल के चिकित्सकों की टीम को भी तोशाम के लिए रवाना किया गया। तब जाकर आशा वर्कर शांत हुई।

### मशीन को दुरुस्त करवाया जाए:ओमप्रकाश

किसान नेता रामफल देशवाल, महिला नेत्री संतोष देशवाल, आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान हुकम कौर व आशा वर्कर पदाधिकारी गीता भी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। इस अवसर पर कामरेड ओमप्रकाश ने आई हुई महिलाओं के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था निकालने वास्ते नागरिक हस्पताल व मैडीकल कालेज प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि परिवार नियोजन के लिए पहले से खराब पड़ी मशीन को बदलवाए व इस तरह की प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने नागरिक हस्पताल में ओपीडी चालू करवाने, खराब पड़ी चारों लिफ्ट बदलवाने व हस्पताल में टायलेट व शौचालय साफ सुथरे रखने की भी मांग की है।

## सीबीएलयू में ललित कला पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# कला के प्लेटफार्म पर प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में ललित कला पर युवा कल्याण विभाग एवं भारत माता अभिनंदन संगठन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन किया गया । इस कार्यशाली की मुख्य संरक्षक कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी एवं संरक्षक कुलसचिव डॉ भावना शर्मा रहीं। कार्यशाला के संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक एवं कार्यक्रम सचिव डॉ सोनल रही।





भिवानी। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी व विश्वविद्यालय के शिक्षक।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक के संयोजन में आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन बतौर मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कला के प्रति प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई कला जरूर होती। बेहतर प्रशिक्षण एवं उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवा कर हम विद्यार्थियों के हुनर को संवारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी कल के बड़े प्रतिभावान कलाकार हो सकते हैं। कला के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनायें हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने फाइन आर्ट एवं कला पर डिप्लोमा कोर्स शुरू किया है जिसकी कक्षाएं शनिवार और रविवार को लगेंगी।

### 55 प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस कार्यशाला में विभिन्न कॉलेजों से 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया और ललित कला पर प्रशिक्षण लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ संबंधित महाविद्यालयों से टीम इंचार्ज में डॉ ललिता,डॉ अल्का,डॉ वंदना, डॉ सुमनलता, सुपरवाइजर वीएम बेचैन, ज्ञानेंद्र राज, शुभम, उषा, विद्यार्थी कोऑर्डिनेटर परविन्द्र,अपूर्व यादव, खुशबू आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़डा पंचायत के निर्विरोध निर्वाचन पर सोमबीर घसौला ने बधाई दी

- बाढड़ा की जनता ने भाईचारे की भावना का दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

ब्राह्मण सभा सिंदोलिया खाप चौरासी व बाढ़डा ग्राम पंचायत के सरपंच व सभी पंचों सहित जिले भर के सभी पंचायत प्रतिनिधियों के निर्विरोध निर्वाचन पर स्टोन क्रशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमबीर घसौला व जिला परिषद के वाईस चेयरमैन प्रतिनिधि सोनू साहुवास ने बधाई दी।उन्होंने कहा कि बाढड़ा की जनता ने आपसी भाईचारे की भावना का परिचय देते हुए ग्राम पंचायत की महिला सरपंच सरोजना देवी की अगुवाई में सभी पंचों का चुनाव कर ऐतिहासिक पहल की है। इससे साफ है कि क्षेत्र की जनता बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलकर समाज के विकास व आपसी सामंजस्य स्थापित करने में सक्षम है। जनता विकास चाहती है और आमजन की एकजुटता से विकास संभव है। ब्राह्मण सभा सिंदोलिया खाप चौरासी ने लगातार पचास साल से इतिहास रचते हुए सभी पदाधिकारियों का सर्वस6मति से चयन कर समाज को नया रास्ता दिखाया है। ब्राह्मण समाज सदैव भगवान परशुराम के द्वारा तैयार धार्मिक रास्ते पर चलकर हमें अत्याचारों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों की आपसी सहयोग, भाईचारे की भावना के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

## लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



## हॉलीवुड मसाला



### गोलियों से छलनी मिली जोनाथन

# जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'


## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बि हा इं ड - द - सी न वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

**बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने**

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आज़म को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप



### राजनीति के पीएचडी कहलाए चौधरी भजनलाल

**भिवानी।** आज युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने हरियाणा के महबूब नेता, 3 बार मुख्यमंत्री रहे चौ भजनलाल की पुण्यतिथि पर भिवानी के तोशाम रोड स्थित युवा कल्याण संगठन के कार्यालय पर उन्हें पुण्यांजलि अर्पित की। कमल सिंह ने कहा कि स्वर्गीय चौ. भजनलाल में गजब का आत्मविश्वास था। उनकी जैसी राजनीतिक समझ ना तो आज तक किसी नेता में हुई है और शायद ना ही कभी होगी। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने समूचे प्रदेश का सामान रूप से विकास किया।

### भारतीय भाषा समर कैंप आयोजन का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप के द्वितीय दिवस के आयोजन का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने किया। भारतीय भाषा समर कैंप की गतिविधियों के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में क्षेत्रीय भाषाओं तथा तकनीक के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता, भाषा का गौरवान्वित इतिहास, व्याकरण संबंधी ज्ञान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला विविधता प्रोत्साहन के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### जांच शिविर लगाना समाज की भलाई का कार्य

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में सर्व कल्याण मंच द्वारा शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास स्थित शहर के निजी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर क्षेत्रवासियों की सेवा और उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए लगाया गया। जिसमें लगभग 300 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच निःशुल्क करवाई।

### तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आगाज

**भिवानी।** गांव बामला स्थित वीर शहीद परमानंद राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शिविर शुरू किया गया, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शुरू किया गया। शिविर में प्रशिक्षक हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला व प्रवक्ता कमल द्वारा योग करवाया गया।

### पर्यावरण को समर्पित करेंगे किरण चौधरी का जन्मदिन

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक अनूठी पहल के तहत 5 जून को राज्यसभा सांसद किरण चौधरी का जन्मदिन इस वर्ष खास तरीके से मनाया जाएगा। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के जन्मदिन पर 5 जून को उनके द्वारा तोशाम क्षेत्र में 100 से अधिक पौधें रोपित कर उनके संरक्षण की जिम्मेवारी भी उनके व उनकी टीम के सदस्यों द्वारा ली जाएगी।

# डीसी ने ड्रेनों का निरीक्षण कर लिया बाढ़ राहत कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने मंगलवार को सिंचाई विभाग और आपदा प्रबंधन के अधिकारियों को साथ लेकर बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जिला की विभिन्न ड्रेनों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ राहत कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। डीसी श्री कौशिक ने भिवानी-दादरी रोड़ पर भिवानी-घग्गर ड्रेन, भिवानी-जींद रोड पर धनाना ड्रेन, धनाना-मिताथल रोड़ पर सैमन-धनाना लिंक ड्रेन, मिताथल-घुसकानी रोड़ पर मिताथल-घुसकानी लिंक ड्रेन के अलावा गांव बापोड़ा और सुई के बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया।

## सबसे पहले भिवानी-दादरी रोड पर भिवानी-घग्गर ड्रेन का सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**दौरे के दोरान इन स्थानों पर पहुचे डीसी**

डीसी श्री कौशिक ने सबसे पहले भिवानी-दादरी रोड पर भिवानी-घग्गर ड्रेन का सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ राहत को लेकर जरूरत के अनुरूप विभागीय, मनरेगा और ठेकेदारों के द्वारा भी ड्रेनों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। उसके बाद उपायुक्त ने गांव धनाना के समीप धनाना ड्रेन नंबर दो की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उसके बाद डीसी ने सैमन-धनाना लिंक और मिताथल-धनाना लिंक ड्रेन की सफाई का जायजा लिया। धनाना ड्रेन पर मनरेगा के तहत महिला मजदूरों द्वारा सफाई करवाया जाना मिला। इस दौरान डीसी ने महिला मजदूरों से बात की और उनको दी जाने वाली दिहाड़ी के बारे में भी पूछा। इसी प्रकार से सैमन-धनाना लिंक ड्रेन पर मशीन द्वारा सफाई होती मिली। डीसी ने निर्देश दिए कि मशीन द्वारा निकाली गई गाद को बारिश के पानी से फिर से ड्रेन में नहीं जाना चाहिए। यहां पर ग्रामीणों ने धनाना-मंढ़ाणा माइनर की सफाई करवाने की मांग की। इसी प्रकार डीसी ने गांव मंढ़ाणा ड्रेन को देखा और सफाई करवाने के निर्देश दिए।



भिवानी। बाढ राहत कार्यो का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

### सफाई कार्य में कोई भी कमी नहीं आनी चाहिए

डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से सफाई व्यवस्था का जायजा लें। सफाई कार्य में किसी भी प्रकार के कमी नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान पानी की निर्बाध रूप से निकासी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ड्रेनों और नालों की सफाई के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारियों को भी ये निर्देश दिए थे कि वे स्वयं भी बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लें और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। इसी कड़ी में डीसी ने मंगलवार को जिला की विभिन्न ड्रेनों पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूर निर्देश दिए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में निभाएं सक्रिय भूमिका

**चरखी दादरी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के सभी अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान के साथ जोड़ें। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देने के लिए दादरी आ रहे हैं। इस दिन मुख्यमंत्री स्वयं जिला में मियांवाकी तकनीकी पर विकसित किए जाने वाले वनों का पौधारोपण कर शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने हैं।

## भारतीय भाषा उत्सव के तहत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

# घुसकानी स्कूल में खेल-खेल में बताई ज्ञानवर्धक जानकारी

मातृभाषा आधारित शिक्षा और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की पहल, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जरूरी: पिंकू



भिवानी। स्कूल में मातृभाषा आधारित के तहत आयोजित कार्यक्रम में खेलते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मातृभाषा आधारित शिक्षा और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में 2 से 8 जून तक भारतीय भाषा उत्सव मनाने के निर्देश दिए है, जिसके तहत 7 दिनों में 28 घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों में भाषाई विविधता के प्रति सम्मान, जागरूकता और एकता की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला के गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में मंगलवार को मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

भारतीय भाषा उत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन फालसा ईको के नोडल प्रभारी विनोद पिंकू पीटीआई की देखरेख में किया गया। जिसके तहत सुबह 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक योग करवाया गया, उसके बाद बच्चों ने आपस में बातचीत आदि करने की भूमिका निभाई, बच्चों ने आपस में एक-दूसरे से पढ़ाई, घर पर अपने माता पिता के कार्य में किस प्रकार से मदद करते है, सडक़ यातायात के नियमों की जानकारी हासिल की, वर्चुअल सिटी टूर पर आज नजदीक के बाबा मनसा गिरी के मंदिर का भ्रमण किया, वहां पर सभी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया। पीटीआई विनोद पिंकू ने कहा कि सरकार की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छुट्टियों में शुरू ना कर प्रत्येक शनिवार को आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक के साथ-साथ सामाजिक विकास भी हो सकें। कार्यकम की शुरुआत करते हुए मौलिक मुख्याध्यापिका लक्ष्मी देवी, हिंदी अध्यापक अनिल शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग ने भारतीय भाषा उत्सव चलाया हुआ है, जो कि 2 से 8 जून तक चलेगा। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के 28 घंटे तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों के अंदर से जो घबराने की प्रवृति होती है, वह कम हो जाती है।

### योग की विभिन्न क्रियाएं सीखी

इस दौरान मौलिक मुख्याध्यापिका लक्ष्मी देवी द्वारा उपस्थित बच्चों में फल वितरण किया गया। इस मौके पर दसवीं कक्षा की छात्रा हिना, अनुष्का, किरण, प्रिया, पुनीत, सुमित, विनय, खुशी, मीनू, खुशबु, विनती, तनू, मुनिया ने बताया कि भारतीय भाषा उत्सव के तहत मंगलवार को उनके विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के तहत एक-दूसरे से वार्तालाप किया गया, ताकि उनका सामाजिक व्यवहार बेहतर बन सकें। इसके अलावा उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाएं भी सीखी। उन्होंने बताया कि 4 जून को उनके विद्यालय में योग अभ्यास के साथ साथ भारतीय भाषा उत्सव के तीसरे दिन बच्चों को कला, संगीत, नृत्य एवं चित्रकारी करवाए जाएगी। छात्राओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक तो अवश्य होनी चाहिए।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

- कार्यक्रम के दूसरे दिन 125 बच्चों ने योगकर भागीदारी निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में आयुष विभाग हरियाणा से प्राप्त आदेशों के अनुसार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु योगाचार्या अंजू लोहान के नेतृत्व में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज इस कार्यक्रम का दूसरा दिन था जिसमें लगभग 125 बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें बच्चों ने ग्रीवा संचालन से शुरू करके ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन ,पाद हस्तासन एवं बैठकर किए जानेवाले आसन में भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान के साथ-साथ अनेक आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही बच्चों ने निम्न खेलों में भी उत्साह दिखाया जिनमें -फुटबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन खो-खो ,कबड्डी इत्यादि खेल शामिल हैं।भारतीय भाषा (संस्कृत)समर कैंप के दूसरे दिन कक्षा के अंतर्गत अलग -अलग विषयों में संस्कृत संवाद , संस्कृत गीत एवं संस्कृत नृत्य कराया जिसका सभी विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया।

### योग को दिनचर्या में करें शामिल

प्रातः काल छात्रों के साथ विद्यालय के प्राचार्य विमलेश आर्य ने भी योग में भाग लिया और उन्होंने बच्चों को बताया कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य ही मानव का सबसे बड़ा धन है। यह हमें अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाता है और हमें स्वस्थ रखता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आचार्या सारिका अरोड़ा, कांता डांगी ,आरती शर्मा, संतोष यादव, सोनिया, शालिनी, कोमल, सांची, बिंदु वर्मा, रिंकी शर्मा, नेहा, दीपिका सिंह ,प्रीति यादव, विजयलक्ष्मी आचार्य राम भगत, सव्य सचिन भारद्वाज, रमेश बंसल ,महेश शास्त्री ,हरिश्चंद्र, गोविंद प्रताप मिश्रा , विशाल भारद्वाज उपस्थित रहें।

# डॉ. मनीषा बनी संगठन चुनाव के लिए पर्यवेक्षक

- निष्ठावान और योग्य कार्यकर्ता को मिलेगी जिम्मेदारी : डॉ. मनीषा सांगवान
- कांग्रेस जल्दी ही प्रदेश में मजबूत संगठन खड़ा करेगी



मनीषा सांगवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा प्रदेश संगठन निर्माण के लिए डॉ. मनीषा सांगवान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. मनीषा सांगवान की जहां भी पार्टी ड्यूटी लगाएगी पूरी पारदर्शिता से काम करते हुए योग्य कार्यकर्ता को संगठन में शामिल करने की सिफारिश आलाकमान से करेंगी। मनीषा सांगवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जल्दी ही प्रदेश में अपना मजबूत संगठन खड़ा करेगी। इसके लिए 69 पर्यवेक्षक तथा आठ सहायक पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। जो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के नाम तय करने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ जिलों में जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार के बाद पार्टी को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं ने नई ऊर्जा का संचार होगा। एक निष्ठावान और योग्य कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### कन्या के जन्म पर कुआं पूजन बना चलन

**तोशाम।** कन्या के जन्म पर कुआं पूजन की रस्म अदा करने का चलन अब दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है और बदलते युग में आमजन में लड़के तथा लड़की का भेदभाव भी धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। ऐसा ही एक दृश्य गांव दूल्हेड़ी निवासी अजय सैनी के घर देखने को मिला जहां अजय सैनी के घर पर दूसरी कन्या के जन्म होने पर जमकर खुशी मनाई गई। इस दौरान कन्या के जन्म की खुशी में कुआं पूजन कार्यक्रम तथा बाबा श्याम का कीर्तन भी आयोजित किया गया। पूरे परिवार में कन्या के जन्म की खुशी इतनी थी कि समस्त परिवार ने लड़के के जन्म की भांति जमकर खुशी मनाई। इस मौके पर नवजात कन्या नव्यांशी की माता मीनू सैनी ने विधिवत रूप से कुआं पूजन की रस्म अदा की।

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩ महेंद्रगढ़



आदित्य | अतुल | तेजल

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर नए कीर्तिमान स्थापित किए है, इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए व उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

**इश्तहार अखबार**
**न्यायालय श्री महेश कुमार, एच.सी.एस., उप मण्डल अधिकारी (ना0) एवं कलेक्टर, भिवानी।**
1. रण सिंह उर्फ रणबीर पुत्र श्री श्योराम पुत्र श्री परमानन्द पुत्र श्री रामला, 2. संदीप पुत्र श्री रण सिंह उर्फ रणबीर पुत्र श्री श्योराम पुत्र श्री परमानन्द पुत्र श्री रामला, 3. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री रण सिंह उर्फ रणबीर पुत्र श्री श्योराम पुत्र श्री परमानन्द, 4. श्रीमती कमलेश विधवा, 5. हेमन्त पुत्र, 6. रेणू बालिग पुत्री, 7. शशि नाबालिग पुत्री श्री सुनील पुत्र श्री रण सिंह उर्फ रणबीर पुत्र श्री श्योराम पुत्र श्री परमानन्द पुत्र श्री रामला, नाबालिग बरफाक्त श्रीमती कमलेश माता हकीकी खुद, निवासीयान गांव दिनोद, तहसील व जिला भिवानी। .....राहिनान/सायलान।
बनाम
1. अमर सिंह पुत्र श्री मामराज, 2. मुंशीराम पुत्र श्री कुरड़ाराम पुत्र श्री सेढू , 3. महावीर प्रसाद पुत्र श्री प्रसादा पुत्र श्री सेढू , 4. लेखु. 5. धन्ना पुत्रान श्री सेढू पुत्र श्री मलु. 6. गोबिन्दराम, 7. दाताराम पुत्रान श्री धूपा पुत्र श्री मलु, 8. श्योनाथ पुत्र, 9. महादेवी विधवा श्री भोला पुत्र श्री श्योनाथ, 10. खुशिया पुत्र श्री कुरड़ा पुत्र श्री सेढू, निवासीयान गांव दिनोद तहसील व जिला भिवानी। .....मुरतहनान / असल उतरवादीगण।
11. गुड्डी पुत्री श्रीमती खजानी पुत्री श्री श्योराम, 12. सावित्री विधवा व, 13. कर्मबीर पुत्र, 14. ममता पुत्री श्री सुरेश पुत्र श्री खजानी, 15. मुकेश कुमार पुत्र श्री रणबीर सिंह पुत्र सुरजा, 16. चमेली पुत्री श्री श्योराम पुत्र श्री परमानन्द, 17. रमेश, 18. राजेश पुत्रान द, 19. शीला पुत्रीयान श्री धर्मो पुत्री श्री श्योराम, निवासीयान गांव दिनोद तहसील व जिला भिवानी।
राहिनान/तरतीबी उतरवादीगण।
दरखास्त फक्क-उल-रहन भूमि 1. खेवट नम्बर 1385 / 1244, खतौनी नम्बर 1543 खसरा/किला नम्बर 411//13(8-0) तादादी 8 कनाल 0 मरले का 1/2 भाग, 2. खेवट नम्बर 1386 /1245 खतौनी नम्बर 1544 किते 11 तादादी 73 कनाल 1 मरले का 4326 / 12968 भाग, 3. खेवट नम्बर 618/550 खतौनी नम्बर 698 किते 19 तादादी 95 कनाल 7 मरले का 431 /1917 भाग, 4. खेवट नम्बर 1387 /1246 खतौनी नम्बर 1545 किते 2 तादादी 13 कनाल 11 मरले का 1/12 भाग, हर चार खेवट हाये वाका मौजा दिनोद, तहसील व जिला भिवानी अनुसार जमाबन्दी साल 2020-21 व जिस रकबा का साबका खाता नम्बर 201 खसरा नम्बर 776(139-7) तादादी 139 विघे 7 बिस्वे में से 72 विघे 12 बिस्वे अनुसार रहननामा रजिस्ट्रीशुदा दिनांक 06.12.1985 (इन्तकाल रहन नम्बर 589 तसदीकशुदा दिनांक 29.01.1896) बअदाय 40/- रूपये जरे रहन या जिस कदर रकम अदालत जनाब मुकर्रर करे। बर बिनाये शहादत तहरीरी व तकरीरी हर किस्म।
उपरोक्त अनुवानवाला केस इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी तारीख पेशी 07.07.2025 निश्चित है। उपरोक्त केस में उतरवादीगण नम्बर 1 ता 10 व तरतीबी उतरवादीगण नम्बर 12 ता 14 की साधारण तरीके से तामिल नहीं हो सकी। इसलिए उतरवादीगण नम्बर 1 ता 10 व तरतीबी उतरवादीगण नम्बर 12 ता 14 को बजरिये इश्तहार अखबार इतलाह दी जाती है कि वह दिनांक 07.07.2025 को असालतन/वकालतन/ मुख्त्यारतन इस न्यायालय में प्रातः 09:30 बजे पेश हों। अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 16.05.2025 के मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी किया गया। उप मण्डल अधिकारी (ना0) एवं कलेक्टर, भिवानी

## 30वें वार्षिक महोत्सव में चौथे दिन भी जारी रहा आध्यात्मिक उत्साह

# स्वामी धर्मदेव ने माता-पिता की महिमा पर दिया प्रवचन

- माता-पिता की सेवा और सम्मान ही सच्चे धर्म का है मूल : स्वामी धर्मदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। आयोजित सत्संग में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस की पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में आयोजित किए जा रहा साप्ताहितक 30वां वार्षिक महोत्सव मंगलवार को चौथे दिन भी श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भजन-कीर्तन की गूंज और आध्यात्मिक प्रवचनों की रसधार ने पूरे परिसर को दिव्य ऊर्जा से भर दिया। सदगुरूदेव महाराज के आर्शीवाद से तथा कृष्णाानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित किए जा रहे महोत्सव के चौथे दिन भी भारी तादात में श्रद्धालुगण पहुंचे तथा नाम संकीर्तन एवं प्रवचन का आनंद लिया। नाम संकीर्तन के उपरांत महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने जीवन में माता-पिता की अहमियत से उपस्थित श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल जन्मदाता ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनकी सेवा और सम्मान ही सच्चे धर्म का मूल है।

### माता-पिता का आशीर्वाद और सेवा सबसे ऊपर

आज की पीढ़ी भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में अपने मूल संस्कारों को भूलती जा रही है। यदि हमें जीवन में सच्ची शांति और उन्नति चाहिए, तो हमें अपने माता-पिता का आशीर्वाद और सेवा सबसे ऊपर रखना चाहिए। प्रवचन में श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सेवा, और संयम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नाम स्मरण से आत्मा की शुद्धि होती है और मन को शांति मिलती है। सभा में उपस्थित भक्तों ने स्वामी जी के प्रवचन को अत्यंत श्रद्धा और मनोयोग से सुना।




### सामाजिक संस्था के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा बवानी खेड़ा के बाबा कमाल मंदिर से होते हुए नागरिक अस्पताल के सामने चौक पर पहुंची. इस यात्रा में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के लाडले भाई राकेश वाल्मीकि ने भी अपनी विशेष भूमिका अदा की. उन्होंने बताया कि जिस बुरी योजना के तहत पाकिस्तान के आतंकवादियों ने भारत पर हमला किया उन्होंने सोचा होगा भारत के जवान चुप बैठेंगे लेकिन अब भारत बदल चुका है। भारत के जवानों ने एक इशारे पर पाकिस्तान के आतंकवादियों को घर में जाकर जवाब देने का काम किया। इस यात्रा के आयोजक संजय कुमार ने बताया कि सिंदूर ऑपरेशन में हमारे जवानों ने दुश्मनों के घर में घुसकर उनके दांत खट्टे करने का काम किया है। वहीं उन्होंने बताया कि संस्था समय समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है।

## छुट्टियों में शिक्षकों के सेमिनारों का किया जाएगा विरोध : शास्त्री

# जो प्रशिक्षण छुट्टियों में आयोजित किए जा रहे हैं, वे औपचारिकता व खानापूर्ति तक सीमित

### विरोध में 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राज्य कमेटी के आह्वान जून की छुट्टियों में प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविरों और भाषा शिक्षण के नाम पर समर कैंप का विरोध किया और जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अधीक्षक राजीव शर्मा के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य कमेटी सदस्य रामपाल रामबास ने बताया कि संगठन केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करता। शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था के हित में हर निर्णय विवेक, संवाद और न्याय के आधार पर लिया जाना चाहिए, लेकिन जब विभाग शिक्षकों को बिना परामर्श, बिना सम्मान और बिना व्यावसायिक गरिमा के, अवकाश के दौरान भी जबरन प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए बाध्य करता है, तो यह सीधा-साधा शोषण है और ऐसे में संघर्ष अवश्यंभावी हो जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ यह स्पष्ट करता है कि सेवाकालीन प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, नवाचार लाने और शिक्षण कौशल को विकसित करने के लिए आवश्यक है। किंतु वर्तमान में जो प्रशिक्षण कार्यक्रम छुट्टियों में आयोजित किए जा रहे है, वे सिर्फ बजट की औपचारिकता और खानापूर्ति तक सीमित होकर रह गए हैं। ऑनलाइन उपस्थिति, पूर्व-परीक्षण, पश्चात परीक्षण, फीडबैक टेस्ट जैसे मूल्यांकन उपकरण एक केंद्रीकृत, अविश्वासपूर्ण और गैर-रचनात्मक प्रणाली का हिस्सा बन चुके हैं, जो शिक्षकों की शैक्षणिक स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता पर सीधा हमला है। इस तरह के निर्देश का शिक्षकों में जबरदस्त विरोध है। अगर शिक्षा विभाग ने उक्त फैसला वापस नहीं लिया तो वे पांच जून को पंचकूला के शिक्षा सदन में प्रदर्शन करेंगे।

**शिक्षकों के साथ होता है भेदभाव**

जिला उपप्रधान यशपाल सांगवान ने कहा कि अन्य विभागों की तुलना में शिक्षकों के साथ भेदभाव होता है। शिक्षकों को अन्य विभागों की तुलना में लगभग आधे अवकाश ही मिलते हैं और अब उन सीमित छुट्टियों में भी जबरन प्रशिक्षण थोंपकर शेष अवकाश भी छीने जा रहे हैं। विभाग के इस तरह के फरमान से शिक्षकों पर मानसिक व शारीरिक दबाव बढ़ेगा। क्योंकि पूरे साल में गर्मियों के इन दिनों में ही शिक्षकों को रेस्ट मिलता है,लेकिन इस बार समर कैंप के नाम पर उनको स्कूलों में बुलाया जा रहा है। जो कि गलत है।

## छुट्टियों में लगाए गए कैम्प के बदले मिले प्रतिपूर्ति अवकाशः सुमेर

- विभाग 2 से 8 जून तक समर कैम्प तथा प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 5 दिनों के कैम्प का आयोजन करवा रहा है

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षकों के प्रशिक्षण दिनों के बदले प्रति पूर्ति अवकाश प्रदान करने के संबंध में आज जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र भारद्वाज के माध्यम से आयुक्त एवं प्रधान सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा को ज्ञापन भेजा गया। अध्यापक संघ ने कहा की शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में 2 से 8 जून तक समर कैम्प तथा प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 5 दिनों के कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अध्यापक संघ सदैव कक्षा कक्ष में विद्यार्थियों के साथ अधिकतम समय व्यतीत करने के पक्षधर रहा है किंतु यह भी एक कटु सत्य है कि वर्षों से शिक्षक के हजारों पद रिक्त पड़े हैं और उन पर भी गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ लादा गया है। इसके साथ ही यह भी एक मानवीय, सामाजिक, संवधानिक तथ्य है कि शिक्षक भी समाज परिवार और व्यक्तिगत दायित्व से बंधे होते हैं।

**प्रतिपूर्ति अवकाश दें**

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को गैर वेकेशन विभाग घोषित किया जाए ताकि शिक्षकों को अन्य विभागों के कर्मचारियों के सम्मान नियमित अर्जित, चिकित्सा एवं प्रतिबंधित अवकाश की सुविधा प्राप्त हो सके। ग्रीष्मकालीन अथवा किसी भी घोषित अवकाश में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बदले शिक्षकों को प्रतिपुर्ति अवकाश प्रदान किया जाए। विभाग उपरोक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक संज्ञान लेऔर संबंधित आदेश जारी करे नहीं तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध को आंदोलन में बदलने के लिए मजबूर होगा।



बाढड़ा। वेतन न मिलने के विरोध में आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारी।

## कौशल कर्मियों को वेतन नहीं मिलने पर रोष जताया

- सांसदों और विधायकों को ज्ञापन देने को लेकर किया मंथन

**बाढड़ा।** जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने उपमंडल कार्यालय पर आपात बैठक आयोजित कर कौशल कर्मचारियों को दो महीने से वेतन न मिलने व अन्स लंबित मांगों पर कोई कदम न उठाने पर रोष प्रकट करते हुए 10 जून को सभी सांसदों, विधायकों को ज्ञापन देने व उसके बाद जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरु करने की चेतावनी दी।

कस्बे के ढिगावा रोड़ स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय पर शाखा प्रधान सुमित कादयान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकार व जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कर्मियों की लंबित मांगों को अनसुना करने पर सवाल उठाते हुए इसे एकतरफा कार्यवाही बताया। सचिव जयभगवान ने बताया कि हरियाणा गवर्मेंट पीड4ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन जन स्वास्थ्य शाखा बाढड़ा के कौशल रोजगार के तहत लगे कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है जिसके कारण कर्मचारियों में रोष कि स्थिति बनी हुई है। एक तरफ सरकार जॉब सि1योरिटी कि लालसा दे रही व हर महीने कि सात तारीख से पहले वेतन देने कि बात कर रही है परंतु यहां कर्मचारियों को घर -खर्च चलाने के लाले पड़े हुए हैं। कर्मचारी लंबे अरसे से अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे है,लेकिन इनका नाम मात्र तीन महीने का समय बनाकर इनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**गरजे कर्मचारी**

इन मांगों को लेकर गरजे कर्मचारी जनस्वास्थ्य विभाग के राज्य प्रैस सचिव अली मोह मद कादमा ने बताया कि वह बार बार कार्यक्रम कर सरकार से अपनी लंबित मांगों के समाधान की फरियाद कर रहे हैं और जल्द ही उनकी सुनवाई नहीं की गई तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन होगा। इनमें कौशल में कार्यरत कर्मचारियों को बकाया वेतन का तुरंत भुगतान करने, खंड स्तर पर की बकाया एलटीसी को तुरंत प्रभाव से प्रदान किया जाए। सरकार ने एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों के प्रति जॉब सुरक्षा को तो लागू कर दिया गया है लेकिन उसे पूर्ण रूप से नहीं उतारा गया ।

**खबर संक्षेप**



### साइक्लिंग से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**चरखी दादरी।** विश्व साइकिल दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। आर्यन अकेडमी में पिछले आठ महीनों से लगातार रनिंग और साइकलिंग की तैयारी कर रहे एथलीट ने साइकिल पर सवार होकर भिवानी रोड पर 65 किलोमीटर की दूरी कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंगलवार को सहायक नरेन्द्र जांगड़ा के नेतृत्व में एथलीट भिवानी रोड पर एकत्रित हुए। सुबह नौ बजे से साइकिल यात्रा शुरू हुई और तीन घंटे से कम समय में 65 किलोमीटर का सफर तय किया।

### सिरसा के सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह

**बाढ़ड़ा।** संत शिरोमणी कबीरदास जयंती पर 11 जून को सिरसा में होने वाले सम्मेलन को लेकर क्षेत्र की जनता में विशेष उत्साह बना हुआ है और अकेले दादरी जिले से पच्चास बसों व सैंकड़ों निजी वाहनों से लोग पहुंच कर संत को नमन करेंगे।

## विवेक नारायण ने जेईई एडवांस के लिए किया क्वालीफाई

**भिवानी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पालुवास को यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि मेधावी छात्र विवेक नारायण ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विवेक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना है।



विवेक ने कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर पहले ही सभी को गौरवान्वित किया था। विवेक ने किसी भी प्रकार की निजी कोचिंग के बिना ही अपने कठोर परिश्रम, लगन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उसकी इस उपलब्धि में शिक्षकों, माता-पिता और विद्यालय का योगदान भी अत्यंत सराहनीय रहा है। विद्यालय के प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने विवेक को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे विद्यालय का उद्देश्य न केवल अकादमिक उत्कृष्टता है, बल्कि छात्रों को आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। विवेक की यह सफलता हमारे उसी उद्देश्य की पुष्टि करती है।

## योग हमारे पूर्वजों की देनः प्रीतम

- गांव कारी दास के बालाजी मंदिर में योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



बाढड़ा। कारी दास के बालाजी मंदिर में सात दिवसीय योग शिविर में भागीदारी करते मास्टर प्रीतम सिंह कारी। फोटो : हरिभूमि

कारी दास के बालाजी मंदिर में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन सरपंच कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें गांव के दर्जनों युवक युवतियों व ग्रामीण वासियों ने योग शिविर में भाग लिया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक प्रीतम सिंह ने प्रातः काल में योग शिविर की शुरुआत सूर्य नमस्कार से करवाई जिसके बाद विभिन्न प्रकार के आसन व प्राणायाम का अ यास करवाया। मास्टर प्रीतम कारी ने बच्चों में ग्रामीण वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे पूर्वजों की देन है जिसका नियमित अभ्यास करने से शरीर के विकार दूर होते हैं और हमारा शरीर सुंदर, स्वस्थ और दीर्घायु होता है। योग को हमें अतिरिक्त कार्य न मानकर जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। इस अवसर पर कर्मवीर सरपंच ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में योग शिविर का आयोजन बहुत ही अच्छा समय है। कर्मवीर ने ग्रामीण वासियों से अपील की कि वे सब इस योग शिविर का लाभ उठाएं स्वयं आयें और अपने साथ बच्चों को भी लेकर आयें जिससे हमारी भावी पीढ़ी स्वस्थ होगी।

इस अवसर पर कर्मवीर सरपंच मास्टर ज्वाला सिंह, अशोक ,जगमेंद्र कारी प्रदीप श्योराण, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## गर्व ने जेईई एडवांस में लहराया परचम

- बी के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के बी के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आई. आई. टी/जे. ई. ई. एडवांस में ऑल इंडिया में 528 वां रैंक प्राप्त करने पर मुंह मीठा कराते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के बी के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। विद्यालय के छात्र गर्व, पुत्र हैप्पी मेहता, गांव बलियाली ने आई. आई. टी-जे. ई. ई. एडवांस में ऑल इंडिया में 528 वां रैंक प्राप्त कर न केवल अपने गांव, माता-पिता का नाम रोशन किया अपितु विद्यालय की गौरव पताका में भी चार चांद लगाए हैं।

गर्व आरंभ से ही एक होनहार तथा मेधावी छात्र रहा है। कक्षा दसवीं तथा बारहवीं में भी उन्होंने अव्वल रहते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। गर्व विज्ञान संकाय का छात्र है। पढ़ाई को लेकर उनकी लगन, नियमित समय-सारिणी एवं अनुशासन के परिणाम स्वरूप उन्होंने इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है। जिससे उनके माता-पिता, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अध्यापकवर्ग को छात्र गर्व पर गर्व है। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, सचिव योगेश शर्मा, सुरेश शर्मा, जोगिंद्र जांगड़ा द्वारा छात्र का पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि निसंदेह गर्व एक होनहार छात्र है, जिन्होंने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग को-ऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, मनीष शंकर, कृष्ण कुमार, कविता कुमारी, प्रोमिला वर्मा, मीनू वालिया, रीना जाखड़, सोनिया, सिंपी सहित समस्त विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## ईमानदार कर्मचारी थे स्व. सुरेन्द्र सिंहः संजय रंगा

- भारतीय मजदूर संघ के सहयोग से परिजनों को भेंट की तीन लाख की सहायता राशी



भिवानी। सहायता राशि का चेक देते हुए।

**भिवानी।** एक्सन संजय रंगा ने कहा कि स्व. सुरेन्द्र सिंह एक ईमानदार कर्मचारी थे। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन किया। उनके निधन से बिजली विभाग को भारी क्षति पहुंची है। उन्हें विश्वास दिलाया कि वे इस दुख की घड़ी में हमेशा उनके परिवार के साथ खड़े हैं।

गांव चहड़ कलां निवासी एएलएम सुरेन्द्र सिंह के निधन पर बिजली बोर्ड द्वारा तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला भिवानी की टीम ने सब डिविजन बहल कार्यालय में पहुंच कर तीन लाख रुपए चेक के रूप में सहयोग राशि उनकी धर्मपत्नी कविता को वितरित की। इस अवसर पर सचिव अशोक यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण बहल, प्रधान संदीप आदि मौजूद रहे।

## चार एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को दी

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक केन्द्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



बहल। भूमि की पैमाइश करने पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि

बहल कस्बे में स्वास्थ्य सेवा सुविधा को लेकर राहत भरी खबर है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक केन्द्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने का रास्ता साफ हो गया है। सीएचसी के नए भवन का निर्माण खेल स्टेडियम के सामने व मॉडल संस्कृति विद्यालय भवन के पास किया जाएगा। पंचायत द्वारा सीएचसी निर्माण के लिए करीब चार एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को दी है। मंगलवार को प्रस्तावित भूमि की राजस्व अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य मौजिज लोगों की मौजूदगी में पैमाइश की गई।

अधिकारियों ने ग्राम पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दी गई भूमि को चिन्हित किया व इसकी निशानदेही की। कानूनगो बलजीत सिंह, कानूनगो सूबेसिंह, पटवारी सज्जन व नवीन, ईश्वरसिंह नंबरदार, सज्जन फौजी बिधनोई, दीपक पनिहार, कृष्ण चौकीदार, समाजसेवी राजेश अग्रवाल, राहुल सोनी, रिंकू सिंह सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में पंचायती चार एकड़ भूमि की पैमाइश कर इसे सीएचसी के लिए चिन्हित किया गया। इससे पहले बहल ग्राम पंचायत ने स्वास्थ्य विभाग को इस भूमि पर सीएचसी बनाने के लिए प्रस्ताव दिया था।

**बहुत पुरानी है मांग**

बहल कस्बे में मौजूदा पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड किए जाने की मांग बहुत पुरानी रही है। पहले कृषि मंत्री रहे जेपी दलाल ने लोगों की मांग पर इसे मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करवाया था। उनके प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग ने फिजिबिलिटी व अन्य जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसे अपग्रेड किए जाने की कवायद शुरू की थी। स्वास्थ्य विभाग ने करीब एक साल पहले कस्बे में सीएचसी का भवन बनाने के लिए पंचायत से प्रस्ताव मांगा था। इस पर पंचायत ने खेल स्टेडियम के सामने पड़ी पंचायत की खाली भूमि पर सीएचसी बनाने के लिए प्रस्ताव दिया था। बहल पीएचसी में बहल क्षेत्र की आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी नहीं हो पा रही थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

पहल.. **बेटी की शादी में चलाया गांव में सफाई अभियान**

# दूल्हेड़ी में बेटी की शादी में सम्मान स्वरूप सिर्फ 10-10 रुपये ही लिया कन्यादान

### कई बार तो लोग एक दूसरे की देखा देखी देते हैं ज्यादा पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। शादी से पहले गांव में सफाई अभियान की शुरुआत करवाते हुए।

गांव दूल्हेड़ी की युवा स्वच्छता जनसेवा समिति ने मंगलवार को प्रसिद्ध समाजसेवी राजू सेठ दुल्हेड़ी वाले की पुत्री निधि गर्ग की शादी में स्वच्छता अभियान चलाया और गांव की गलियों को स्वच्छ बनाया। शादी के दौरान गजब बात यह रही की राजू सेठ ने बिना किसी लोभ-लालच अमीर-गरीब सभी व्यक्तियों को समान मानते हुए अपनी बेटी की शादी में कन्यादान के रूप में कन्यादान देने के इच्छुक सभी व्यक्तियों से मात्र 10-10 रुपए ही शगुन के रूप में लिए, जो कि यह पहल समाज में सभी के लिए चर्चा का विषय बनी रही। क्योंकि अभी तक लोग अपनी मर्जी से ज्यादा पैसे कन्यादान के रूप में देते है। कई बार तो लोग एक दूसरे को देखते हुए ज्यादा पैसे देते है। जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ता है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित शादी के दौरान गांव दूल्हेड़ी निवासी सेठ राजू ने अपनी बेटी की शादी में समाज में गरीबी-अमीरी का भेदभाव मिटाते हुए समानता का संदेश दिया और कन्यादान के रूप में कन्यादान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति से मात्र 10 रुपए शगुन के रूप में लिए। इस दौरान अनेक लोगों ने ज्यादा पैसे कन्यादान के रूप में देने का प्रयास किया,लेकिन उन्होंने केवल दस रुपये ही रखे और बाकी पैसे वापस कर दिए। जोकि राजू सेठ की यह मिसाल सभी के लिए चर्चा का विषय बनी रही।

**जनसेवा समिति ने की सफाई**

उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध समाजसेवी राजू सेठ की पुत्री निधि गर्ग की मंगलवार को शादी थी। जिसको लेकर युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव की गलियों में सफाई की। ज्ञात हो कि स्वच्छता जनसेवा समिति जब से बनी है तब से लेकर अब तक गांव में किसी भी बहन-बेटी की शादी हो उस शादी में बारात घर से लेकर लड़की की शादी वाले घर तक स्वच्छता अभियान चलाती है। यही नहीं समिति शादी वाले दिन लड़की के घर पर निःशुल्क टैंकर के माध्यम से पानी की सेवा देती है और शादी वाले दिन कचरा इधर-उधर न फैले इसके लिए कूड़ेदान भी रखती है। राजू सेठ की नई रिवाज गांव दुल्हेड़ी ही नहीं आसपास के गांवों में जबरदस्त चर्चा का विषय बनी हुई है।